साइबर अपराध को लेकर नागरिकों को किया अलर्ट

जे.एम.पटेल कॉलेज के विद्यार्थियों का अभिनव उपक्रम

ब्यूरो | भंडारा. साइबर सुरक्षा के संदर्भ जनजागरण करने के लिए जे. एम. पटेल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 7 अगस्त को शहर के विविध क्षेत्र में कार्यक्रम चलाए गए। वर्तमान स्थिति में टेक्नालॉजी की मदद से सभी काम सरलता से होते हैं। इन टेक्नालॉजी के अनेक लाभ है। किंतु इसके साथ ही टेक्नालॉजी से अनेक नुकसान भी है। इस नुकसान से सतर्क करने के उद्देश्य से जे. एम. पटेल महाविद्यालय के छात्रों ने साइबर सुरक्षा के लिए शहर के विविध क्षेत्र में जनजागरण किया।

इस उपक्रम में जे. एम. पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य विकास ढोमणे ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया। छात्रों ने जे. एम. पटेल महाविद्यालय से रैली निकाली और शहर के महात्मा गांधी चौक में जनजागरण किया। इस समय विद्यार्थियों ने नागरिकों को साइबर सुरक्षा के संदर्भ जानकारी दी। अनेक नागरिकों ने विद्यार्थियों के व्दारा अपने आशंका का समाधान किया। इसके पश्चात रैली बस स्थानक पर पहुंची, वहा भी छात्रों ने यात्रियों को साइबर सुरक्षा संदर्भ जानकारी दी। इस समय विद्यार्थियों ने विविध उदाहरण के व्दारा नागरिकों को तथा उनके परिवार को साइबर अपराध से संरक्षण करने की शपथ ली। जे. एम. पटेल महाविद्यालय और विक्क हिल कंपनी में हुए करार के अंतर्गत साइबर शिक्षा स्काट इस योजना के माध्यम से इस उपक्रम का आयोजन किया गया। इस उपक्रम के लिए महाविद्यालय के आईक्यूएसी के समन्वयक डा. कार्तिक पणीकर ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग के प्राध्यापक डा. प्रवीण घोसेकर, डा. सबा नसीम, पलाश फेद्देवार, प्रियंका शर्मा, फरीना शेख तथा सभी छात्रों ने परिश्रम किया।

दैनिक भास्कर
BhaskarHindi.com
Tue, 13 August 2024
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/75640020